https://universitynews.in/

M.A. (Previous) EXAMINATION, 2018

HINDI

First Paper

(हिन्दी साहित्य का इतिहास)

ne allowed: Three hours **Maximum marks: 100**

...क प्रकरण से एक प्रश्न करना अनिवार्य है। किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिये। सभी प्रश्नों अंक समान हैं। प्रत्येक प्रश्न के उत्तर की अधिकतम सीमा 500 शब्द है।

प्रकरण-क (आदिकाल)

"हिन्दी साहित्य का आदिकाल सर्वाधिक विवादित काल है।" कथन के परिप्रेक्ष्य में आदिकाल की समस्याओं पर विचार कीजिये। 20

"हिन्दी के आदिकालीन सिद्ध साहित्य का भावबोध नाथ साहित्य से होता हुआ भक्तिकालीन काव्य से सम्बद्ध हो जाता है। अत: हिन्दी साहित्य के आदिकाल का प्रारम्भ सिद्ध साहित्य से मानना ही युक्ति-संगत है।" इस मत की सप्रमाण परीक्षा कीजिये। 20

प्रकरण-ख (भक्तिकाल)

3. "हिन्दी का भक्ति-आन्दोलन लोक जागरण की सांस्कृतिक अभिव्यक्ति हैं।" कथन के औचित्य पर प्रकाश डालिये। 20
4. हिन्दी की प्रेमाख्यानक काव्य-परम्परा की प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिये। 20

प्रकरण-ग (रीतिकाल)

5. "रीतिबद्ध आचार्य केवल आचार्य ही नहीं थे बल्कि कवि हृदय भी थे।" रीतिबद्ध कवियों के आधार पर इस कथन की समीक्षा कीजिये। 20
6. रीतिमुक्त कविता की प्रमुख प्रवृत्तियों का सप्रमाण विवेचन कीजिये। 20

प्रकरण-घ (आधुनिक काव्य)

7. आधुनिक काल की प्रमुख काव्यधाराओं को रेखांकित करते हुए छायावादी काव्य की प्रमुख प्रवृत्तियों का विश्लेषण कीजिये। 20
8. समकालीन हिन्दी कविता की दशा और दिशा का विश्लेषण कीजिये। 20

प्रकरण-च (गद्य विकास)

9. साठोत्तर हिन्दी उपन्यास की विशेषताओं को स्पष्ट कीजिये। 10
10. हिन्दी नाटक के उद्‌भव और विकास पर सारगर्भित लेख लिखिये। 10

हिन्दी का वैश्विक परिप्रेक्ष्य (गद्य साहित्य)

11. हिन्दीतर राज्यों द्वारा हिन्दी गद्य के विकास में दिये योगदान को स्पष्ट कीजिये। 10
12. विदेशी विद्वानों द्वारा की गई हिन्दी सेवा पर सारगर्भित संक्षिप्त लेख लिखिये। 10

https://universitynews.in/